**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2861**

**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**नए शहरों का इनक्यूबेशन**

**2861. सुश्री सयानी घोषः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह तथ्य है कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार आठ शहरों के विस्तार हेतु 8,000 करोड़ रूपये की कार्यनिष्पादन-आधारित लक्ष्यबद्ध निधि प्रदान कर अभी तक उनके चयन को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या शहरों को 8,000 करोड़ रूपये की राशि किसी विशिष्ट योजना के तहत प्रदान की जाएगी और यदि हां, तो उक्त योजना की विस्तृत रुपरेखा क्या है;

(ग) उक्त शहरों के इन्क्यूबेशन की प्रक्रिया के अंतर्गत राज्यों दवारा अब तक प्रस्तावित किए गए शहरों के नाम क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार ने इस तथ्य पर विचार करते हुए कि यह योजना 31 मार्च 2026 को व्यपगत हो जाएगी, शहरों को 8,000 करोड़ रूपये की निधि देने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): 15वें वित्त आयोग (15वें एफसी) ने नए शहरों के इनक्यूबेशन के लिए कार्य निष्पादन आधारित चैलेंज फंड के रूप में 8,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस फंड के माध्यम से एक राज्य में केवल एक ही नया शहर हो सकता है।

15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप, मंत्रालय ने नए शहरों के इनक्यूबेशन के लिए बोली मापदंडों को अंतिम रूप देने के लिए एक विशेषज्ञ समिति (ईसी) का गठन किया। इस समिति ने न्यूनतम पात्रता शर्तों और बोली मापदंडों को अंतिम रूप दिया और सभी राज्यों को प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) परिचालित किया गया। मंत्रालय को अंतिम तिथि तक 21 राज्यों से 26 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पूर्वोत्तर राज्यों से गुणवत्ता पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण इन राज्यों से नए/संशोधित प्रस्ताव मांगे गए हैं। परिणामस्वरूप, 23 राज्यों से कुल 28 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्यों द्वारा प्रस्तावित शहरों के नाम अनुलग्नक में दिए गए हैं।

सभी प्रस्तावों की सक्षम स्तर पर जांच/संवीक्षा की जा रही है।

अनुलग्नक

सुश्री सयानी घोष द्वारा नए शहरों का इनक्यूबेशन के संबंध में दिनांक 12.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2861 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

<u>नए शहरों के इनक्यूबेशन पर राज्यों के प्रस्तावों की सूची</u>

| क्र. सं. | राज्य का नाम | नए शहर के लिए प्रस्ताव | जिला/क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कोप्पार्थी | वाईएसआर जिला |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | गुमींनगर | पूर्वी सियांग |
| 3 | असम | जागीरोड | मोरीगांव |
| 4 | गोवा | न्यू एमओपीए आयुष सिटी, पेरनेम | उत्तरी गोवा |
| 5 | गुजरात | जीआईएफटी शहर का विस्तार | गांधीनगर |
| 6 | | अम्बाजी | बनासकांठा |
| 7 | हरियाणा | गुरूग्राम | गुरूग्राम |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | माउंटेन टाउनशिप | शिमला |
| 9 | झारखंड | न्यू रांची सिटी | रांची |
| 10 | केरल | एयरोसिटी, | कन्नूर |
| 11 | | ओएजीसी नियोपोलिस –द न्यूसीटी, पल्लीपुरम | एर्नाकुलम |
| 12 | मध्य प्रदेश | जबलपुर एक्सटेंशन | जबलपुर |
| 13 | | पीथमपुर चरण 4 | धार |
| 14 | महाराष्ट्र | विरुल | वर्धा |
| 15 | | सावरगांव माल | बुलढाना |
| 16 | मणिपुर | गेटवे सिटी | इंफाल |
| 17 | मेघालय | न्यू शिलांग नॉलेज सिटी | पूर्वी खासी हिल्स |
| 18 | मिजोरम | तन्ह्रिल स्थानीय परिषद | आइजोल |
| 19 | नागालैंड | छठे घाटी | चुमौकेदिमा |
| 20 | ओडिशा | भुवनेश्वर | भुवनेश्वर |
| 21 | पंजाब | एरोट्रोपोलिस | मोहाली |
| 22 | राजस्थान | जीएफसी-रणपुर | कोटा |
| 23 | सिक्किम | पाक्योंग | पाक्योंग |
| 24 | तमिलनाडु | तिरुमाझिसाई | तिरुवल्लुर |
| 25 | उत्तर प्रदेश | अयोध्या | अयोध्या |
| 26 | उत्तराखंड | डोईवाला | देहरादून |
| 27 | | प्राग फार्म टाउनशिप | उधम सिंह नगर |
| 28 | पश्चिम बंगाल | बंटाला ग्रीनफ़ील्ड सिटी, कर्मदिगंता | दक्षिण 24 परगना |

****